# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बनकर हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि।
2. नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के 28 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित उद्‌घाटन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों का लिया जायजा : अधिकारियों को समन्वय बनाकर काम पूरा करने के दिए निर्देश।
3. मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में नव चयनित 1 हजार 228 नर्सिंग अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र : कहा– राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए उठाए जा रहे प्रभावी कदम।

और

4. चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन आज प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की कतार : सप्तमी से नवमी तिथि तक प्रदेश भर में वृहद आयोजन कराएगी सरकार।

---

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में किसी निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बन गए हैं। श्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के तौर पर संयुक्त रूप से 8 हजार 931 दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया है। एक रिपोर्ट....**

*श्री मोदी के नाम सबसे अधिक समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर रहने और प्रधानमंत्री बनने से पहले सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री होने का रिकार्ड शामिल है। श्री मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिनका जन्म स्वतंत्रता के बाद हुआ है और जिन्होंने लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीते हैं। वे 2001 में पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे और 13 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने के बाद 2014 में देश के 14वें प्रधानमंत्री बने। श्री मोदी लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले गैर–कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं। यूट्यूब चौनल पर प्रधानमंत्री मोदी के तीन करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हैं और वे सबसे अधिक फॉलोअर वाली राजनीतिक हस्तियों में शामिल हैं। इस वर्ष फरवरी में सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर श्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो गई है जो दुनिया के किसी भी सेवारत राजनेता से कहीं अधिक है। समाचार कक्ष से निखिल कुमार।*

————————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गौतमबुद्धनगर के जेवर में नवनिर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। एयरपोर्ट का उद्घाटन 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तावित है। एक रिपोर्ट...**

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए नोएडा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से रनवे पर लैंडिंग की और पहले हवाई सर्वेक्षण किया, जिसमें निर्माण कार्य, जनसभा स्थल तथा आवागमन के रास्तों का निरीक्षण किया। इसके*

*बाद वे पब्लिक टर्मिनल बिल्डिंग और जनसभा स्थल पर पहुंचे, जहां मौजूद अधिकारियों से एक–एक चीज की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट के ऑफिस में गौतम बुद्ध नगर के साथ आसपास के जिलों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने सभी से समन्वय बनाकर तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए, ताकि 28 मार्च को होने वाले ऐतिहासिक उद्‌घाटन में कोई कमी न रहे। प्रधानमंत्री मोदी के हाथों इस एयरपोर्ट के उद्‌घाटन से उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। विशाल धर दूबे आकाशवाणी समाचार गौतमबुद्धनगर।*

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आयोजित समारोह में एक हजार 228 चयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रभावी कदम उठाये गये हैं। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ी है और नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है। बाइट....

*आज उत्तर प्रदेश में गवर्मेंट के स्तर पर और निजी क्षेत्र को मिलाकर के निजी क्षेत्र के कम हैं। अब सरकार के स्तर पर ज्यादा कॉलेजो मे चलाए गए हैं। इनकी संख्या बढ़कर के इक्यासी हो गई है। इक्यासी मेडिकल कॉलेजेज में हमने मात्र पिछले नौ वर्ष के अंदर प्रदेश के संचालित किए हैं। जिन क्षेत्रों में अब तक कोई नहीं पहुंचा है और आज यह यात्रा ही नहीं अब वहां हमारे मेडिकल कॉलेजेज भी पहुंच रहे हैं। मेडिकल कॉलेजेज के माध्यम से नर्सिंग कॉलेजेज भी अब वहां पर हमारे पहुंच रहे हैं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 18 मेडिकल कॉलेज ऐसे हैं जहां बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई संचालित हो रही

है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर और रायबरेली आयुर्विज्ञान संस्थान बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और प्रदेश में सुपर स्पेशियाल्टी संस्थानों से प्रदेश को नई पहचान हासिल हुई है। बाइट...

*प्रदेश के अंदर ये डबल इंजन की सरकार आई। उसने हेल्थ केयर को भी प्रियोरटी के आधार पर आगे लिया। आज उसी का परिणाम ट्रांसफार्मेशन के रूप में हम सबको हर एक फील्ड में देखने को मिला है। प्रदेश के अंदर हम लोगों ने वन डिस्ट्रिक वन मेडिकल कॉलेज की तरफ हम बढ़े हैं और वन डिस्ट्रिक हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बना है। हर जिले में एक नर्सिंग कॉलेज बना है। उस दिशा में आज प्रदेश सरकार आगे बढ़ी है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र, नर्सिंग और पैरामेडिकल की सीटों में कई गुना वृद्धि हुई है। यह बढ़ोत्तरी राज्य में डॉक्टरों और विशेषज्ञों की उपलब्धता को मजबूत करने में प्रभावी भूमिका निभायेगी।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

केंद्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के लिए 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन की मंजूरी दे दी है। इससे कुल आवंटन 50 प्रतिशत हो जाएगा। इसमें पीएनजी के विस्तार के लिए सुधारों के आधार पर 10 प्रतिशत आवंटन भी शामिल है। इसमें रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, रियायती कैंटीन और राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव, नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि यह आवंटन कल से लागू होगा। सभी व्यावसायिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं को तेल विपणन कंपनियों के साथ पंजीकरण कराना होगा। सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है और लोग घबराहट में खरीदारी न करें।

———————————

चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन आज श्रद्धालु मां के चौथे स्वरूप कुष्मांडा देवी की आराधना कर रहे हैं। इस पावन अवसर पर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में आस्था का जनसैलाब देखने को मिल रहा है। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही उमड़ी रही है, बड़ी संख्या मे भक्त मां भगवती का दर्शन–पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। विंध्याचल, काशी, प्रयागराज, सहारनपुर,

देवीपाटन और वृंदावन सहित कई धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें सुबह से ही देखी जा रही है। सीतापुर जिले के नैमिषारण्य में स्थित मां ललिता देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। एक रिपोर्ट...

*नवरात्रि का पर्व पूरे भारत में परंपरागत रूप से मनाए जाने वाले त्यौहारों में से एक है यह त्यौहार भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाता है। सीतापुर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थस्थल नैमिष अरण्य में स्थित मां ललिता देवी मंदिर में नवरात्रि के दिनों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है यहां पूरे भक्तिभाव के साथ भक्त गण मां को प्रसन्न करने के लिए जप तप उपवास और आराधना करते है साथ ही मंदिर परिसर में मुंडन इत्यादि संस्कार भी संपन्न होते हैं इस वाडर पर एक विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। दीपक श्रीवास्तव आकाशवाणी समाचार सीतापुर।*

इस बीच मुख्यमंत्री के निर्देश पर संस्कृति विभाग जिला प्रशासन के समन्वय से चैत्र नवरात्रि की सप्तमी, अष्टमी व नवमी तिथि–25, 26 और 27 मार्च को देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में देवीगीत, भजन, आध्यात्मिक–सांस्कृतिक आयोजन की तैयारी में जुट गया है। इसके अलावा राज्य सरकार के 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सहभागिता से कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं।

————————

विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदेश भर में आज

विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर नमामि गंगे के सदस्यों ने मानव श्रंखला बनाकर माँ गंगा की रक्षा करने का संदेश दिया। औरैया में "जल है, तो कल है" विषय पर विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने जल संरक्षण को लेकर और अधिक जागरुकता फैलाने पर जोर दिया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस अवसर पर कहा है कि जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है, इसलिए इसका संरक्षण हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जल के महत्व को समझते हुए इसके संरक्षण के लिए आगे आना होगा।

————————

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल के अगले संस्करण की शुरुआत 28 मार्च को हो रही है। लखनऊ सुपर जायंट्स अपना पहला मैच पहली अप्रैल को लखनऊ में खेलेगी। इससे पहले आज लखनऊ में क्रिकेट प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केईआई द्वारा टीम के कप्तान ऋषभ पंत, मयंक यादव और अर्जुन तेंदुलकर ने अंडर–19 क्रिकेट खिलाड़ियों को क्रिकेट किट प्रदान की।

————————

प्रदेश में आज से पश्चिमी विक्षोभ का असर पूरी तरह से खत्म हो रहा है। इसके बाद अगले 5–6 दिनों में तापमान 7 से 10 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

————————